पेज थ्री
देहरादून

डीजीपी को संबोधित ज्ञापन सीओ को सौंपते हुए।

देहरादून रविवार 25 अक्टूबर 2020

पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पौत्रियों के विवाह हेतु सीएम ने स्वीकृत की धनराशि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने जनपद देहरादून, पौड़ी उत्तरकाशी एवं बागेश्वर के 06 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पौत्रियों के विवाह हेतु 3 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। इस प्रकार 50 हजार की धनराशि प्रति आवेदक को उपलब्ध होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्व विद्यालय हल्द्वानी में अतिथि गृह, कुलपति आवास एवं बहुउदेश्यीय भवन हेतु फर्नीचर फिक्सिंग कार्य हेतु 928.55 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह धनराशि विश्व विद्यालय द्वारा स्वयं के संसाधनों से व्यय की जायेगी।

### पुलिस कांस्टेबलों को निलंबित किये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। युवा उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट पर हमला करने व लूटपाट करने वाले पुलिस कांस्टेबलों को निलंबित किये जाने की मांग को लेकर दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उक्रांद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुये घटना में संलिप्त पुलिस कांस्टेबलों को निलम्बन किया जाय। पुलिस मुख्यालय में रिपोर्ट की प्रति पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड को समोधित पत्र सीओ विनय कुमार को दल के कार्यकारी अध्यक्ष ए पी जुयाल के नेतृत्व में दिया गया।

### नाले के निर्माण की उच्च स्तरीय जांच किये जाने की आवश्यकता

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस सचिव सीताराम नौटियाल ने शिमला बाईपास स्थित सैन्ट ज्यूडस चौक के पास पूर्व में लगाई गई टाइल्स को तोड कर नाले का निर्माण करवाये जाने की कार्रवाई को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दिये जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नाले के निर्माण की उच्च स्तरीय जांच किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सहायक अभियंता द्वारा मनमाने ढंग से किये जा रहे नाले के निर्माण में विभाग को 50 लाख रूपये का चूना लगाया गया है।

### शहीदी स्मारक एवं मंदिरों को तोड़े जाने का विरोध

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी की एक आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के अध्यक्ष नवनीत गुसाई ने उत्तराखंड में शहीदी स्मारक एवं मंदिरों को तोड़े जाने का विरोध किया है। उन्होंने सरकार की निंदा करते हुए कहां की एक तरफ भाजपा धार्मिक होने का नाटक करती है दूसरी तरफ मंदिरों को और उत्तराखंड के शहीदों के स्मारक को तोड़ती है जो कि निंदनीय है।

# मुख्यमंत्री ने बागेश्वर में ई ऑफिस का शुभारम्भ किया

**शुभारम्भ**

■ग्राम्या, ग्राम्य विकास विभाग, आजीविका सहयोग परियोजना तथा जिला उद्योग केन्द्र द्वारा लगाये गये स्टॉलों का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

देहरादून। बागेश्वर में अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं/कार्यों की समीक्षा बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री ने जनपद में ई ऑफिस का शुभारम्भ किया। इस संबंध में जिलाधिकारी विनीत कुमार ने अवगत कराया कि इस प्रक्रिया को जिला कार्यालय से शुरू किया जा रहा है तद्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा तहसील कार्यालयों में प्रारम्भ किया जायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम्या, ग्राम्य विकास विभाग, आजीविका सहयोग परियोजना तथा जिला उद्योग केन्द्र द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण कर उनकी उत्पादों की प्रशंसा की।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी विनीत कुमार ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जनपद में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है। जनपद में कुल 08 टीमों द्वारा सैंपलिंग का कार्य किया जा रहा है। सैंपलिंग हेतु 02 मोबाईल टीम भी गठित किये गये है तथा जनपद में पर्याप्त मात्रा में कोविड केयर सेंटर बनाये गये है। कोविड–19 की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के कुल 1441 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। तथा इसके रोकथाम के लिए नियमित पदों के सापेक्ष 33 कर्मचारियों की आउटसोर्स ऐजेंसी के माध्यम से नियुक्ति की गयी है। उन्होंने कहा कि जनपद में 08 ग्रोथ सेंटर स्वीकृत है तथा 05 क्रियाशील है, जो कीवी फल प्रसंस्करण, बुरांश फूल प्रसंस्करण, माल्टा और नींबू प्रसंस्करण, सब्जियों का संग्रहण, मसाला प्रसंस्करण, अचार तैयार करना तथा पुष्प उत्पादन व विपणन आदि गतिविधियॉ संचालित कर शुद्ध आय प्राप्त कर रही है।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत बागेश्वर बसंती देव, क्षेत्रीय विधायक चन्दन राम दास, विधायक कपकोट बलवन्त सिंह भौर्याल, जिलाध्यक्ष भाजपा शिव सिंह बिष्ट, सहित जनपदस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

इससे पहले प्रातः मुख्यमंत्री ने बागनाथ मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर मंदिर की परिक्रमा की। इस दौरान उन्होंने नये निमार्ण, जीर्णोद्धार तथा शौन्दर्यीकरण कार्यो के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि मंदिर का परिदृश्य पहाड़ी शैली पर हों इस ओर कार्यदायी संस्था को कार्य करने के निर्देश दिये।

### विजयादशमी एवं दशहरा पर्व की मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामना

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश वासियों को विजयादशमी एवं दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम का सम्पूर्ण जीवन चरित्र अनुकरणीय है। उनके जीवन की विशिष्टता समाज का मार्ग प्रशस्त करती रही है। उन्होंने धर्म एवं सत्यता के मार्ग पर चलकर रावण पर विजय प्राप्त की थी। दशहरा उल्लास एवं विजय का भी पर्व है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि विजयादशमी भी शक्ति साधना एवं समन्वय का पर्व है। शक्ति की उपासना का यह पर्व हमें जीवन की कठिनाइयों से पार पाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने समाज के सभी वर्गों से आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ इन त्योहारों को मनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से कोविड–19 के दृष्टिगत इस अवसर पर सामाजिक दूरी, मास्क पहनने के साथ ही अन्य सावधानियों का अनुपालन करने की भी अपील की है।

# इस बार नहीं जलेगा रावण का पुतला

**स्थगित**

■ बन्नू बिरादरी ने स्थगित किया दशहरा पर्व

देहरादून। **संवाददाता**

बन्नू बिरादरी देहरादून के प्रधान हरीश विरमानी ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड–19 संक्रमण के कारण 25 अक्टूबर को होने वाला दशहरा पर्व को स्थगित कर दिया गया है।



यहां बन्नू स्कूल रेसकोर्स में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि बन्नू बिरादरी व दशहरा मेला कमेटी ने अपनी तैयारियां आरंभ कर दी थी और केवल इस बार रावण का 17 फीट ऊंचा पुतला बनाया गया था लेकिन प्रशासन की ओर से केवल 50 लोगों की अनुमति दी गई और परेड ग्राउण्ड के स्थान पर रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल रेसकोर्स में सूक्ष्म रुप से मनाने के लिए जिला प्रशासन से कम से कम 200 व्यक्तियों के शामिल होने की अनुमति मांगी गई थी। उन्होंने कहा कि परन्तु प्रशासन के द्वारा दशहरा कार्यक्रम के लिए अधिकतम 50 ही लोगो की अनुमति प्रदान की गई है। बन्नू बिरादरी के द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाने वाला दशहरा पर्व कार्यक्रम देहरादून शहर का मुख्य कार्यक्रम होता है जिसमें विगत वर्षो में लगभग सवा लाख से अधिक लोग सम्मलित होते रहे हैं और वर्तमान में इस कार्यक्रम को 50 लोगो के साथ करना सम्भव नहीं है। कोविड–19 संक्रमण से उत्पन्न वर्तमान परिस्तिथतियों के मददेनजर केवल 200 व्यक्तियों के साथ दशहरा कार्यक्रम करने की जिला प्रशासन से अनुमति चाही गई थी, परन्तु प्रशासन द्वारा इस अनुमति को न दिये जाने के कारण सर्वसम्मति से इस वर्ष रावण दहन के सार्वजनिक कार्यक्रम को नहीं करने का निर्णय लिया है।। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी शामिल थे।

### सीएम ने लच्छीवाला नेचर पार्क के पुनर्निमाण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने लच्छीवाला नेचर पार्क के पुनर्निमाण संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस नेचर पार्क का निर्माण दो चरणों में किया जायेगा जिस पर 1008.35 लाख का व्यय आगणित है। इसके लिये कैम्पा मद में भी एक करोड़ की धनराशि प्रविधानित है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र चौबटाखाल के विकासखण्ड एकेश्वर में पाटीसैंण तछवाड़ एकेश्वर मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण के लिये 306.42 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अंतर्गत कोट से चौठारा होते हुए हुन्ण तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 28.04 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री घोषणा के तहत विकास खण्ड जयहरीखाल के अन्तर्गत मोलखण्डी अकरी तथा मोलखण्डी सकरी हेतु मोटर मार्ग नव निर्माण हेतु भी मुख्यमंत्री द्वारा 17.24 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।